प्रादेशिक समाचार एकांश

आकाशवाणी भोपाल

सांध्यकाली समाचार

दिनांक : 30.11.25 समय : 07.10 PM

बुलेटिन के मुख्य समाचार :-

- देश ने 35 करोड 7 लाख टन अनाज के उत्पादन के साथ ऐतिहासिक कीर्तिमान किया स्थापित। कहा-प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल गीता जयंती महोत्सव का करेंगे शुभारंभ।
- संसद का शीतकालीन सत्र कल से होगा शुरू, 14 विषयों पर की जाएगी चर्चा।
- निर्वाचन आयोग ने एसआईआर गणना की तिथि बढ़ाई।

अब समाचार विस्तार से:-

मन की बात-प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन-इसरो द्वारा आयोजित अनूठी ड्रोन प्रतियोगिता का जिक्र किया, जहाँ देश के युवा, मंगल ग्रह जैसी परिस्थितियों में ड्रोन उड़ाने का प्रयास कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जब भी वह युवाओं के समर्पण और वैज्ञानिकों की प्रतिबद्धता की देखते हैं, तो उनका हृदय उत्साह से भर जाता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि युवाओं का यही समर्पण विकसित भारत की सबसे बड़ी ताकत है। प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्रमंडल खेलों की मेज़बानी मिलना भारत के लिए गौरव की बात है। श्री मोदी ने कहा भारत ने 35 करोड 7 लाख टन अनाज के उत्पादन के साथ ऐतिहासिक कीर्तिमान स्थापित किया है, जो कृषि क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि है।

नड्डा-एड्स दिवस

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा कल विश्व एड्स दिवस 2025 के अवसर पर राष्ट्रीय स्तर के एक आयोजन का नेतृत्व करेंगे। इसका उद्देश्य एच.आई.वी की रोकथाम, उपचार, देखभाल और कलंक उन्मूलन के लिए राष्ट्रीय प्रतिक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए सरकार की अटूट प्रतिबद्धता की पुष्टि करना है। इस कार्यक्रम के दौरान नाको की राष्ट्रीय मल्टीमीडिया पहल के अन्तसर्गत एक नई अभियान वीडियो श्रृंखला का शुभारंभ किया जाएगा।

नई शिक्षा नीति-मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में नई शिक्षा नीति वर्ष 2020 के अनुरूप स्कूल शिक्षा में गुणवत्ता सुधार के लिये राज्य सरकार लगातार प्रयास कर रही है। राज्य में 256 सांदीपनि विद्यालय भवनों के निर्माण का कार्य प्रारंभ किया गया। विद्यालयों के भवन निर्माण एवं संसाधनों की सुविधा के लिये स्कूल शिक्षा विभाग ने लगभग 10 हजार करोड़ रूपये की कार्ययोजना तैयार की है। अब तक 44 सांदीपनि विद्यालयों के नवीन भवन बनकर तैयार हो गये हैं। इन नवीन भवनों में सांदीपनि विद्यालयों का संचालन किया जा रहा है। शेष विद्यालयों का भवन निर्माण अगले शैक्षणिक सत्र वर्ष 2026-27 तक पूरा कर लिया जायेगा। सांदीपनि विद्यालयों में निकटस्थ 10 से 15 किलोमीटर दूरी के विद्यार्थियों को लाने के लिये नि:शुल्क परिवहन सेवा भी प्रदान की जा रही है।

गीता जयंती महोत्सव-प्रदेश

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल गीता जयंती के अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर मध्यप्रदेश के 313 विकासखंड, 55 जिला मुख्यालय और 10 संभागों में आचार्यों की सन्निधि में 3 लाख से अधिक गीताभक्तों द्वारा श्रीमद्भगवद्गीता के 15वें अध्याय का सामूहिक सस्वर पाठ किया जायेगा। गीता जयंती पर उज्जैन, भोपाल एवं इंदौर में विशेष आयोजन किये गये है। इंदौर के राजवाड़ा स्थित गोपाल मंदिर में मध्यप्रदेश के पहले गीता भवन का लोकार्पण हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में होगा। इस अवसर पर प्रदेश में आयोजित हुई श्रीमद्भगवद्गीता ज्ञान प्रतियोगिता के विजेताओं के नामों की घोषणा भी की जायेगी। उज्जैन में तीन दिवसीय राज्य स्तरीय गीता महोत्सव के दौरान कल शाम 7 बजे दशहरा मैदान पर प्रसिद्ध कलाकार पुनीत इस्सर के निर्देशन में जय श्री कृष्ण-गीता सार नृत्य-नाट्य का मंचन किया जाएगा।

श्रम कानून प्रतिक्रिया

देश मे लंबे समय से प्रतिक्षित श्रम संहिता के तहत केंद्र सरकार ने चार नए लेबर कोड लागू किए हैं, जिनका समाज के हर वर्ग ने स्वागत किया है। इस पर एक युवा ने अपनी प्रतिक्रिया दी। -

सर्वदलीय बैठक

कल से शुरू हो रहे संसद के शीतकालीन सत्र से पहले सरकार ने आज संसदीय सौध में एक सर्वदलीय बैठक आयोजित की। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में 36 राजनीतिक दलों के 50 नेताओं ने भाग लिया। बैठक के बाद संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि सरकार ने शीतकालीन सत्र के दौरान दोनों सदनों के सुचारू संचालन के लिए सभी राजनीतिक दलों के नेताओं से सहयोग की अपील की है। उन्होंने कहा कि इस सत्र के दौरान विधायी और अन्य कार्यों के 14 विषयों पर चर्चा की जाएगी।

श्री रिजिजू ने कहा कि सरकार दोनों सदनों के नियमों के अनुसार सदनों में किसी भी अन्य महत्वपूर्ण मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है। विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने सरकार को पूर्ण सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया।

एसआईआर-प्रदेश

प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य जारी है। इसमें मंडला जिले ने अपनी उत्कृष्ट कार्यशैली का परिचय देते हुए एसआईआर में शत-प्रतिशत उपलब्धि हासिल की है। नेटवर्क समस्या, कठिन भू-भाग, दूरदराज़ के गांव और लगातार फील्ड में कार्यरत टीमों के सामने अनेक बाधाएँ थीं, लेकिन इसके बावजूद जिला प्रशासन की टीम ने दिन-रात मेहनत कर यह मुकाम हासिल किया। वहीं इंदौर जिले में एसआईआर की जानकारी देते हुए जिला निर्वाचन कार्यालय के मुख्य प्रशिक्षक आरके पांडे ने आकाशवाणी को बताया ...

बाइट-आरके पांडे, मुख्य प्रशिक्षक

खंडवा जिला कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने बताया है कि जिले की सभी चार विधानसभा क्षेत्रों में कार्य लगातार चल रहा है। अब तक लगभग 85 प्रतिशत फॉर्म्स का डिजि-टली-करण पूरा किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि शेष 15 प्रतिशत कार्य आगामी 3 से 4 दिनों में पूरा कर लिया जाएगा।

एसआईआर-संशोधन

निर्वाचन आयोग ने मध्यप्रदेश सहित 12 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण-एसआईआर के कार्यक्रम में संशोधन किया है। संशोधित अधिसूचना के अनुसार निर्वाचन आयोग ने गणना की समय-सीमा 11 दिसम्बर तक बढ़ा दी है। मतदाता सूची का मसौदा अब 16 दिसम्बंर को प्रकाशित किया जाएगा। अंतिम मतदाता सूची अगले वर्ष 14 फरवरी को प्रकाशित की जाएगी।

सरस-आजीविका मेला

केन्द्रीय ग्रामीण विकास एवं कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान कल नई दिल्लीं में सरस आजीविका मेले का शुभारंभ करेंगे। ग्रामीण विकास मंत्रालय ने बताया है कि देशभर के 25 राज्यों से स्वयं सहायता समूहों की लगभग तीस सौ लखपति दीदियां इस मेले में भाग लेंगी। मेले में खाने के कुल 62 स्टॉल लगाए जाएंगे, जिसमें से 50 में ताजा भोजन परोसा जाएगा और 12 स्टॉलों में प्राकृतिक खाद्य उत्पादन उपलब्ध रहेंगे। मेले में दिल्ली और आस-पास के शहरों से आए लोग पांच सौ से ज्यादा व्यंजनों का लुत्फ ले सकेंगे। मेले में देश की खाद्य विविधता देखने को मिलेगी। मेला आम जनता के लिए 9 दिसंबर तक सुबह साढ़े ग्यारह बजे से रात साढ़े नौ बजे तक खुला रहेगा।

अब कुछ समाचार संक्षेप में -

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज उज्जैन में आयोजित ‘सामूहिक विवाहोत्सव’ में शामिल होकर नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया। ‘सामूहिक विवाहोत्सव’ में मुख्यमंत्री डॉ. यादव के पुत्र डॉ. अभिमन्यु भी परिणय सूत्र में बंधे।
- भोपाल स्थित दुष्यंत कुमार स्मारक पांडूलिपि संग्रहालय में दुष्यंत कुमार की 50वीं पुण्यतिथि के अवसर पर 11वां मासिक श्रृंखला कार्यक्रम प्रणाम दुष्यंत का आयोजन किया गया। इस मौके पर गजलों की प्रस्तुति हुई।
- मन्दसौर जिला रोजगार कार्यालय द्वारा 3 दिवसीय युवा संगम रोजगार मेला व कैप का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविर में चयनित युवाओं को नीमच में 1 माह के प्रशिक्षण उपरांत स्थाई नौकरी दी जाएगी।
- रतलाम जिला कलेक्टर मिशा सिंह ने उर्वरक उपलब्धता और वितरण व्यवस्था की समीक्षा की। बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों को बताया कि जिले में यूरिया का पर्याप्त भंडार है।
- मंदसौर में शिवना नदी के शुद्धिकरण अभियान में आज 73 वे दिन शिवना तट पर बड़े स्तर पर सफाई कार्य किया गया। इसमे सामाजिक संगठनों, युवाओं और महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई।

------------

न्यूज फॉर हिन्दी वैब :-

(1) नई शिक्षा नीति-मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में नई शिक्षा नीति वर्ष 2020 के अनुरूप स्कूल शिक्षा में गुणवत्ता सुधार के लिये राज्य सरकार लगातार प्रयास कर रही है। राज्य में 256 सांदीपनि विद्यालय भवनों के निर्माण का कार्य प्रारंभ किया गया। विद्यालयों के भवन निर्माण एवं संसाधनों की सुविधा के लिये स्कूल शिक्षा विभाग ने लगभग 10 हजार करोड़ रूपये की कार्ययोजना तैयार की है। अब तक 44 सांदीपनि विद्यालयों के नवीन भवन बनकर तैयार हो गये हैं। इन नवीन भवनों में सांदीपनि विद्यालयों का संचालन किया जा रहा है। शेष विद्यालयों का भवन निर्माण अगले शैक्षणिक सत्र वर्ष 2026-27 तक पूरा कर लिया जायेगा। सांदीपनि विद्यालयों में निकटस्थ 10 से 15 किलोमीटर दूरी के विद्यार्थियों को लाने के लिये नि:शुल्क परिवहन सेवा भी प्रदान की जा रही है।

**(2) गीता जयंती महोत्सव-प्रदेश**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल गीता जयंती के अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर मध्यप्रदेश के 313 विकासखंड, 55 जिला मुख्यालय और 10 संभागों में आचार्यों की सन्निधि में 3 लाख से अधिक गीताभक्तों द्वारा श्रीमद्भगवद्गीता के 15वें अध्याय का सामूहिक सस्वर पाठ किया जायेगा। गीता जयंती पर उज्जैन, भोपाल एवं इंदौर में विशेष आयोजन किये गये है। इंदौर के राजवाड़ा स्थित गोपाल मंदिर में मध्यप्रदेश के पहले गीता भवन का लोकार्पण हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में होगा। इस अवसर पर प्रदेश में आयोजित हुई श्रीमद्भगवद्गीता ज्ञान प्रतियोगिता के विजेताओं के नामों की घोषणा भी की जायेगी। उज्जैन में तीन दिवसीय राज्य स्तरीय गीता महोत्सव के दौरान कल शाम 7 बजे दशहरा मैदान पर प्रसिद्ध कलाकार पुनीत इस्सर के निर्देशन में जय श्री कृष्ण-गीता सार नृत्य-नाट्य का मंचन किया जाएगा।

**(3) एसआईआर-प्रदेश**

प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य जारी है। इसमें मंडला जिले ने अपनी उत्कृष्ट कार्यशैली का परिचय देते हुए एसआईआर में शत-प्रतिशत उपलब्धि हासिल की है। नेटवर्क समस्या, कठिन भू-भाग, दूरदराज़ के गांव और लगातार फील्ड में कार्यरत टीमों के सामने अनेक बाधाएँ थीं, लेकिन इसके बावजूद जिला प्रशासन की टीम ने दिन-रात मेहनत कर यह मुकाम हासिल किया। वहीं इंदौर जिले में एसआईआर की जानकारी देते हुए जिला निर्वाचन कार्यालय के मुख्य प्रशिक्षक आरके पांडे ने आकाशवाणी को बताया ...

खंडवा जिला कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने बताया है कि जिले की सभी चार विधानसभा क्षेत्रों में कार्य लगातार चल रहा है। अब तक लगभग 85 प्रतिशत फॉर्म्स का डिजि-टली-करण पूरा किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि शेष 15 प्रतिशत कार्य आगामी 3 से 4 दिनों में पूरा कर लिया जाएगा।

-------------

दिनांक–30.11.25 समय–07.10पीएम

**प्रादेशिक समाचार एकांश**

**आकाशवाणी भोपाल**

**सांध्यकाली समाचार**

**सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार :–**

- देश ने 35 करोड 7 लाख टन अनाज के उत्पादन के साथ ऐतिहासिक कीर्तिमान किया स्थापित। कहा–प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल गीता जयंती महोत्सव का करेंगे शुभारंभ।
- संसद का शीतकालीन सत्र कल से होगा शुरू, 14 विषयों पर की जाएगी चर्चा।

**और**

- निर्वाचन आयोग ने एसआईआर गणना की तिथि बढ़ाई।

**अब समाचार विस्तार से:–**

**मन की बात–प्रधानमंत्री**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन–इसरो द्वारा आयोजित अनूठी ड्रोन प्रतियोगिता का जिक्र किया, जहाँ देश के युवा, मंगल ग्रह जैसी परिस्थितियों में ड्रोन उड़ाने का प्रयास कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जब भी वह युवाओं के समर्पण और वैज्ञानिकों की प्रतिबद्धता की देखते हैं, तो उनका हृदय उत्साह से भर जाता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि युवाओं का यही समर्पण विकसित भारत की सबसे बड़ी ताकत है। प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्रमंडल खेलों की मेज़बानी मिलना भारत के लिए गौरव की बात है। श्री मोदी ने कहा भारत ने 35 करोड 7 लाख टन अनाज के उत्पादन के साथ ऐतिहासिक कीर्तिमान स्थापित किया है, जो कृषि क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि है।

**बाइट–प्रधानमंत्री**

**नड्डा–एड्स दिवस**

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा कल विश्व एड्स दिवस 2025 के अवसर पर राष्ट्रीय स्तर के एक आयोजन का नेतृत्व करेंगे। इसका उद्देश्य एच.आई.वी की रोकथाम, उपचार, देखभाल और कलंक उन्मूलन के लिए राष्ट्रीय प्रतिक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए सरकार की अटूट प्रतिबद्धता की पुष्टि करना है। इस कार्यक्रम के दौरान नाको की राष्ट्रीय मल्टीमीडिया पहल के अन्तसर्गत एक नई अभियान वीडियो श्रृंखला का शुभारंभ किया जाएगा।

**नई शिक्षा नीति–मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में नई शिक्षा नीति वर्ष 2020 के अनुरूप स्कूल शिक्षा में गुणवत्ता सुधार के लिये राज्य सरकार लगातार प्रयास कर रही है। राज्य में 256 सांदीपनि विद्यालय भवनों के निर्माण का कार्य प्रारंभ किया गया। विद्यालयों के भवन निर्माण एवं संसाधनों की सुविधा के लिये स्कूल शिक्षा विभाग ने लगभग 10 हजार करोड़ रूपये की कार्ययोजना तैयार की है। अब तक 44 सांदीपनि विद्यालयों के नवीन भवन बनकर तैयार हो गये हैं। इन नवीन भवनों में सांदीपनि विद्यालयों का संचालन किया जा रहा है। शेष विद्यालयों का भवन निर्माण अगले शैक्षणिक सत्र वर्ष 2026–27 तक पूरा कर लिया जायेगा। सांदीपनि

विद्यालयों में निकटस्थ 10 से 15 किलोमीटर दूरी के विद्यार्थियों को लाने के लिये निःशुल्क परिवहन सेवा भी प्रदान की जा रही है।

**गीता जयंती महोत्सव–प्रदेश**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल गीता जयंती के अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर मध्यप्रदेश के 313 विकासखंड, 55 जिला मुख्यालय और 10 संभागों में आचार्यों की सन्निधि में 3 लाख से अधिक गीताभक्तों द्वारा श्रीमद्भगवद्गीता के 15वें अध्याय का सामूहिक सस्वर पाठ किया जायेगा। गीता जयंती पर उज्जैन, भोपाल एवं इंदौर में विशेष आयोजन किये गये है। इंदौर के राजवाड़ा स्थित गोपाल मंदिर में मध्यप्रदेश के पहले गीता भवन का लोकार्पण हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में होगा। इस अवसर पर प्रदेश में आयोजित हुई श्रीमद्भगवद्गीता ज्ञान प्रतियोगिता के विजेताओं के नामों की घोषणा भी की जायेगी। उज्जैन में तीन दिवसीय राज्य स्तरीय गीता महोत्सव के दौरान कल शाम 7 बजे दशहरा मैदान पर प्रसिद्ध कलाकार पुनीत इस्सर के निर्देशन में जय श्री कृष्ण–गीता सार नृत्य–नाट्य का मंचन किया जाएगा।

**श्रम कानून प्रतिक्रिया**

देश मे लंबे समय से प्रतिक्षित श्रम संहिता के तहत केंद्र सरकार ने चार नए लेबर कोड लागू किए हैं, जिनका समाज के हर वर्ग ने स्वागत किया है। इस पर एक युवा ने अपनी प्रतिक्रिया दी। –

**बाइट– युवा**

**सर्वदलीय बैठक**

कल से शुरू हो रहे संसद के शीतकालीन सत्र से पहले सरकार ने आज संसदीय सौध में एक सर्वदलीय बैठक आयोजित की। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में 36 राजनीतिक दलों के 50 नेताओं ने भाग लिया।
बैठक के बाद संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि सरकार ने शीतकालीन सत्र के दौरान दोनों सदनों के सुचारू संचालन के लिए सभी राजनीतिक दलों के नेताओं से सहयोग की अपील की है। उन्होंने कहा कि इस सत्र के दौरान विधायी और अन्य कार्यों के 14 विषयों पर चर्चा की जाएगी।

**बाइट– संसदीय कार्य मंत्री, किरेन रिजिजू**

श्री रिजिजू ने कहा कि सरकार दोनों सदनों के नियमों के अनुसार सदनों में किसी भी अन्य महत्वपूर्ण मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है। विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने सरकार को पूर्ण सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया।

**एसआईआर–प्रदेश**

प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य जारी है। इसमें मंडला जिले ने अपनी उत्कृष्ट कार्यशैली का परिचय देते हुए एसआईआर में शत–प्रतिशत उपलब्धि हासिल की है। नेटवर्क समस्या, कठिन भू–भाग, दूरदराज़ के गांव और लगातार फील्ड में कार्यरत टीमों के सामने अनेक बाधाएँ थीं, लेकिन इसके बावजूद जिला प्रशासन की टीम ने दिन–रात मेहनत कर यह मुकाम हासिल किया। वहीं इंदौर जिले में

एसआईआर की जानकारी देते हुए जिला निर्वाचन कार्यालय के मुख्य प्रशिक्षक आरके पांडे ने आकाशवाणी को बताया ...

**बाइट–आरके पांडे, मुख्य प्रशिक्षक**

खंडवा जिला कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने बताया है कि जिले की सभी चार विधानसभा क्षेत्रों में कार्य लगातार चल रहा है। अब तक लगभग 85 प्रतिशत फॉर्म्स का डिजि–टली–करण पूरा किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि शेष 15 प्रतिशत कार्य आगामी 3 से 4 दिनों में पूरा कर लिया जाएगा।

**एसआईआर–संशोधन**

निर्वाचन आयोग ने मध्यप्रदेश सहित 12 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर के कार्यक्रम में संशोधन किया है। संशोधित अधिसूचना के अनुसार निर्वाचन आयोग ने गणना की समय–सीमा 11 दिसम्बर तक बढ़ा दी है। मतदाता सूची का मसौदा अब 16 दिसम्बंर को प्रकाशित किया जाएगा। अंतिम मतदाता सूची अगले वर्ष 14 फरवरी को प्रकाशित की जाएगी।

**सरस–आजीविका मेला**

केन्द्रीय ग्रामीण विकास एवं कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान कल नई दिल्लीं में सरस आजीविका मेले का शुभारंभ करेंगे। ग्रामीण विकास मंत्रालय ने बताया है कि देशभर के 25 राज्यों से स्वयं सहायता समूहों की लगभग तीस सौ लखपति दीदियां इस मेले में भाग लेंगी। मेले में खाने के कुल 62 स्टॉल लगाए जाएंगे, जिसमें से 50 में ताजा भोजन परोसा जाएगा और 12 स्टॉलों में प्राकृतिक खाद्य उत्पादन उपलब्ध रहेंगे। मेले में दिल्ली और आस–पास के शहरों से आए लोग पांच सौ से ज्यादा व्यंजनों का लुत्फ ले सकेंगे। मेले में देश की खाद्य विविधता देखने को मिलेगी। मेला आम जनता के लिए 9 दिसंबर तक सुबह साढ़े ग्यारह बजे से रात साढ़े नौ बजे तक खुला रहेगा।

**अब कुछ समाचार संक्षेप में –**

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज उज्जैन में आयोजित 'सामूहिक विवाहोत्सव' में शामिल होकर नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया। 'सामूहिक विवाहोत्सव' में मुख्यमंत्री डॉ. यादव के पुत्र डॉ. अभिमन्यु भी परिणय सूत्र में बंधे।
- भोपाल स्थित दुष्यंत कुमार स्मारक पांडूलिपि संग्रहालय में दुष्यंत कुमार की 50वीं पुण्यतिथि के अवसर पर 11वां मासिक श्रृंखला कार्यक्रम प्रणाम दुष्यंत का आयोजन किया गया। इस मौके पर गजलों की प्रस्तुति हुई।
- मन्दसौर जिला रोजगार कार्यालय द्वारा 3 दिवसीय युवा संगम रोजगार मेला व कैप का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविर में चयनित युवाओं को नीमच में 1 माह के प्रशिक्षण उपरांत स्थाई नौकरी दी जाएगी।
- रतलाम जिला कलेक्टर मिशा सिंह ने उर्वरक उपलब्धता और वितरण व्यवस्था की समीक्षा की। बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों को बताया कि जिले में यूरिया का पर्याप्त भंडार है।
- मंदसौर में शिवना नदी के शुद्धिकरण अभियान में आज 73 वे दिन शिवना तट पर बड़े स्तर पर सफाई कार्य किया गया। इसमे सामाजिक संगठनों, युवाओं और महिलाओं ने बढ़–चढ़कर भागीदारी निभाई।

––––––––––––––